C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 7 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 19 जून 2026



अप्सरा सी खूबसूरत लगीं मोनालिसा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सट्टा कारोबार पर पुलिस का शिकंजा, एक दबोचा

**हल्द्वानी।** सट्टा कारोबार की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बनभूलपुरा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जुनैद अली निवासी लाल मस्जिद के सामने वाली गली, लाइन नंबर-17, बनभूलपुरा, के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गोला पार्किंग क्षेत्र में दरगाह से करीब 30 मीटर पहले एक पेड़ के नीचे अवैध रूप से सट्टा संचालित करते हुए गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से सट्टा पर्ची, व 1600 रुपये नकद बरामद किए गए।

### वीकेंड ट्रैफिक प्लान लागू कैंची धाम-भवाली-भीमताल मार्गों पर रहेगा डायवर्जन

**हल्द्वानी।** वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक एवं डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था प्रत्येक शनिवार और रविवार को प्रभावी रहेगी, ताकि यातायात सुचारू बना रहे और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

यातायात योजना के तहत अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से वाया रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले भारी वाहनों को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर यातायात दबाव के अनुसार भवाली मस्जिद तिराहे पर रोका जा सकता है अथवा वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। भीमताल मार्ग से कैंची धाम पहुंचने वाले पर्यटकों के निजी वाहनों को विकास भवन पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं के लिए शटल सेवा उपलब्ध रहेगी।

## वीकेंड व नीट परीक्षा को लेकर हल्द्वानी-काठगोदाम में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर बढ़ने वाली पर्यटकों की संख्या तथा नीट परीक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में विशेष यातायात एवं डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह डायवर्जन व्यवस्था 20 जून एवं 21 जून को प्रातः 09 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। प्रशासन ने आमजन, परीक्षार्थियों और पर्यटकों से निर्धारित रूट का पालन करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार प्रातः 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक यात्रा मार्गों पर सभी भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित



रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी आने वाले भारी मालवाहक वाहनों को जनपद सीमा पर रोका जाएगा। वहीं जनपद सीमा के भीतर से आने वाले भारी वाहनों को नंबर-01 बैंड, एचएमटी क्षेत्र, सलड़ी चौकी के पास अमृतपुर मोड़ तथा मैगी प्वाइंट के भीतर पार्क कराया जाएगा। मैदानी क्षेत्र से पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले भारी वाहनों को गोलापार के पुराने आरटीओ फिटनेस सेंटर, खेड़ा चौकी तथा कालाढूंगी रोड पर लामाचौड़ के पास रोका जाएगा।

**पर्यटक वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित:** बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले सभी पर्यटक वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गोलापार रोड होते हुए नरीमन तिराहा काठगोदाम से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। रुद्रपुर की ओर से आने वाले पर्यटक वाहनों को पंतनगर तिराहा-दिनेशपुर मोड़ से एनएच-109 होते हुए पंतनगर, लालकुआं, तीनपानी फ्लाईओवर, गोलापार रोड और नरीमन तिराहा के रास्ते भेजा जाएगा। रामनगर और बाजपुर से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले सभी वाहन कालाढूंगी-नैनीताल तिराहा से डायवर्ट होकर मंगोली मार्ग से अपने गंतव्य को रवाना होंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 20 और 21 जून को आवश्यक सेवाओं जैसे सब्जी, दूध और ईंधन से जुड़े वाहनों का आवागमन भी दोपहर $12^{00}$ बजे से रात्रि $10^{00}$ बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों से लौटने वाले सभी पर्यटक वाहनों को नरीमन तिराहा से वाया गोलापार रोड भेजा जाएगा ताकि शहर के भीतर यातायात दबाव कम किया जा सके। इसके अलावा शाम 04 बजे से रात्रि 09 बजे तक भवाली के मस्जिद तिराहा तथा नैनीताल से मैदानी क्षेत्रों की ओर आने वाले सभी पर्यटक वाहनों को नंबर-01 बैंड और रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट कर रूसी बाईपास प्रथम, मंगोली होते हुए कालाढूंगी मार्ग से भेजा जाएगा।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

## एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करेगी: योगी

अयोध्या

एजेंसी

मुख्यमंत्री ने अयोध्या दौरे के दौरान मंदिर में चढ़ावे से जुड़े विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया गया है, जो निष्पक्ष तरीके से तथ्य सामने लाएगा। साथ ही सभी पक्षों से अपील की कि वे ऐसी टिप्पणियों से बचें, जिनसे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हों।





राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 1857 के बाद अंग्रेजों ने देश के युवाओं को दबाने का प्रयास किया, लेकिन युवा दबा नहीं। चौरी-चौरा, काकोरी ट्रेन को अंजाम दिया। अंग्रेज ज्यादा दिन ठहर नहीं पाए। आज यह देश आजाद है। नए उत्तर प्रदेश में हम रहे हैं। झलकारी बाई ने देश की आजादी के लिए फिरंगियों को नाको चने चबाने के लिए मजबूर कर दिया था। राष्ट्र नायकों का सम्मान करना राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित करता है। हमारी सरकार ने महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर अनेक अभियान प्रारंभ कराया। हमने वीरांगनों के नाम पर 3 पीएसी की यूनिट बनाए हैं। यह वीरांगना झलकारी बाई, अवंतीबाई, उदादेवी पासी के नाम पर हैं। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन तीनों बटालियन में सिर्फ बेटियां ही भर्ती होंगी।

सपा के दोहरे चरित्र को देखो, कहते हैं राम भक्तों का अपमान हुआ है। कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम के नारे लगाने पर गोली चलवाने वाले लोग उपदेश देने चले हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से सुनने को मिला। हमने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बैठाई। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी। लेकिन, मैं सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी अनर्गल टिप्पणी न करें, जो रामभक्तों को आहत करे। सीएम योगी ने कहा, अब हर गरीब के घर में फ्री में शौचालय बन रहा है। जिन लोगों ने 2017 के पहले शासन किया था। आखिर उन्होंने कामाख्या धाम को नगर पंचायत क्यों नहीं बनाया। यहां की सड़कें क्यों नहीं बनाईं। क्यों गरीब को तब राशन नहीं मिल पाता था। क्योंकि, उन लोगों में संवेदना और इच्छाशक्ति नहीं थी।

## जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार मजबूत:खजान दास

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड सरकार के प्रभारी मंत्री एवं भाजपा नेता खजान दास गुरुवार को नैनीताल पहुंचे, जहां शक्रवार को उन्होंने नैनीताल क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पत्रकार वार्ता से पूर्व प्रभारी मंत्री विधायक जिला अध्यक्ष भाजपा नेता द्वारा स्वागत किया, इसी दौरान पहुंचे सांसद भट्ट का भी स्वागत किया गया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और संगठन की रणनीति पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित के मुद्दों पर लगातार काम कर रही है और जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है, जिसका सकारात्मक प्रभाव जनता के बीच देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी लगातार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ जनता के बीच काम करते हैं। संगठन की यही ताकत भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाती है।

भाजपा कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान नैनीताल ऊधमसिंहनगर सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्य , जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, दिनेश आर्य, नगर अध्यक्ष नितिन कार्की संसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, डीएसए महासचिव मनोज जोशी दया किशन पोखरिया, दीपक मलकानी, विमल बिष्ट, संतोष कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## टेलीग्राम पर लगा अस्थायी बैन नहीं हटेगा

नई दिल्ली

एजेंसी

**राहत**

- हाईकोर्ट ने बरकरार रखा सरकार का फैसला

नीट (G) 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले टेलीग्राम लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में केंद्र सरकार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम याचिका खारिज करते हुए कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार के पास ऐसे कदम उठाने का पूरा अधिकार है।

नीट (NEET UG) री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि देश की इतनी बड़ी परीक्षा की सुरक्षा के लिए सरकार को आपातकालीन कदम उठाने और अस्थायी प्रतिबंध लगाने का पूरा कानूनी अधिकार है। अब 22 जून तक टेलीग्राम पूरे भारत में बंद रहेगा। शुक्रवार यानी की आज सुबह 10:30 बजे दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस तेजस करिया की सिंगल-जज बेंच ने अपना फैसला सुनाया। उन्होंने टेलीग्राम की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT Act) की धारा 69 के तहत लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को पूरी तरह सही माना है। इस फैसले के बाद अब टेलीग्राम पर 22 जून तक लगी पूर्ण पाबंदी और 30 जून तक मैसेज-एडिटिंग फीचर पर रोक जारी रहेगी।

## अधिवेशन में चर्चा: गोल्ज्यू यात्रा एक अलौकिक अनुभव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

19 अप्रैल चम्पावत से गोल्ज्यू यात्रा 2026 का सफर शुरू हुआ जो यात्रा का सफर आगे बढ़ते हुये कई सुहानी यादों और अनुभवों के साथ 9 मई को चम्पावत में ही आकर समाप्त हुआ। यात्रा के प्रारम्भ से अंत तक यात्रा के साथ रहें यात्रा आयोजक संस्था अपनी धरोहर के केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि अपनी धरोहर संस्था के नैनीताल में हुये अधिवेशन में गोल्ज्यू यात्रा पर चर्चा हुई और यात्रा निकालने का निर्णय हुआ।

उन्होंने बताया कि 2022 मे पहली यात्रा निकाली गयीं जो कि यात्रा के साथ साथ एक महत्वपूर्ण अनुभव था क्योंकि उससे पूर्व यात्रा मार्ग या उसके पड़ाव आदि का पहला अनुभव था इस यात्रा मे स्थान चिन्हिकरण और स्थानीय संगठनों




के साथ सम्पर्क हुआ और आगामी यात्रा के लिये अनुभव जुड़ते गये। 2024 को विधिवत रूप से द्वितीय गोल्ज्यू यात्रा विधिवत रूप से प्रारम्भ हुई।

इस यात्रा से यात्रा के पड़ाव तय हुवे और कुमाऊ और गढ़वाल में यात्रा विधिवत रूप से निकाली गयीं। तृतीय यात्रा 19 अप्रैल 2026 को चम्पावत से प्रारम्भ हुई जो मैदानी, मध्य हिमालय और उच्च हिमालय के 35 सौ किलोमीटर की यात्रा के बाद चम्पावत मे ही समाप्त हुई। विजय भट्ट ने बताया कि पार्वतीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो जिसमें दुर्गम शामिल है वहां पर रहने, खाने पीने की व्यवस्था स्थानीय समितियों द्वारा की गयीं थी। 15 सदस्योंय दल की परिवारों द्वारा तिलक लगाकर भावपूर्ण विदाई की जाती थी जिससे पुरा वातावरण भावुक हों जाता था फिर गोल्ज्यू देव की जय के साथ यात्रा आगे बढ़ती गयीं। यात्रा पड़ाव मे हमारी देव परम्परा का सबसे बड़ा योगदान ढोल व दमाऊ का रहा है। दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों मे संस्कृति को बचाने के प्रयास अभी भी न के बराबर ही है। कोटेश्वर की गुफा में निर्मित शिवलिंग को धार्मिक पर्यटन के रूप मे विकसित करने के लिये चिन्हित किया गया है। हमारी जागर परम्परा हमारा संस्कार है इसे सोशल मीडिया का विषय न बनाकर इसे धार्मिक परम्परा के रूप मे ही आगे बढ़ाया जाये।

यात्रा के दौरान दुर्गम स्थानों की समस्याओं का भी अध्ययन करने का अवसर भी मिला जिसे यात्रा के बाद सरकार तक भी रखा जायेगा और स्थानीय मंदिरो और धार्मिक परम्पराओ को संरक्षित करने का प्रयास यात्रा के माध्यम से किया जायेगा।

# पालिका में चुंगियों हेतु आमंत्रित टेंडर विवादों में घिरे

## पालिका प्रशासन व सभासदों के बीच हुई तीखी नोक झोक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका में चुंगियों के संचालन हेतु आमंत्रित निविदा प्रक्रिया बीरवार को विवादों में घिर गई। पालिका और सभासदों के बीच तीखी नोकझोंक के चलते चुंगियों की फाइनेंशियल बिड नहीं खोली जा सकी और प्रक्रिया बीच में ही अटक गई।

बता दें बीरवार को पालिकाध्यक्ष कार्यालय में निविदा प्रक्रिया के तहत फ इनेंशियल बिड खोली जानी थी इसके लिए गठित टीम बैठक कर रही थी तभी कुछ सभासद वहां पहुंच गए। सभासदों ने निविदा प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताते हुए विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान पालिका अधिकारियों और सभासदों के बीच काफ ी देर तक बहस और गहमागहमी का माहौल बना रहा जिसके चलते फाइनेंशियल बिड नहीं खोली जा सकी नगर पालिका की ओर से चुंगियों का संचालन 31 मार्च 2028 तक यानी करीब साढ़े इक्कीस माह के लिए ठेके पर दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए आधार राशि करीब साढ़े 20 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।



**चुंगियों की फाइनेंशियल बिड नहीं खोली जा सकी और प्रक्रिया रुकी**

इसकी तकनीकी बोली कुछ दिन पहले ही खोली जा चुकी है। निविदा में कुल पांच आवेदकों ने भाग लिया था। इनमें एक आवेदक के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर दिया गया जबकि चार आवेदक तकनीकी रूप से पात्र घोषित किए गए। इनके दस्तावेजों की जांच के बाद बीरवार को फ इनेंशियल बिड खोली जानी थी।

सभासदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका प्रशासन ने बोर्ड की सहमति लिए बिना ही निविदा की अवधि बढ़ा दी। उनका कहना है कि सामान्यतः ऐसे टेंडर एक वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं लेकिन इस बार अवधि बढ़ाने संबंधी निर्णय की जानकारी बोर्ड को नहीं दी गई। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि दो मई से बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की जा रही है लेकिन अब तक बैठक आयोजित नहीं की गई साथ ही वार्डों में विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई गई। इन्हीं सब को लेकर काफी देर तक बहसबाजी होती रही और निविदा प्रक्रिया नहीं हो सकी।

मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने कहा कि बीरवार को निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। जल्द ही फाइनेंशियल बिड खोलकर प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी वहीं पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि आज निविदा संपन्न नहीं हो सकी है लेकिन निरस्त भी नहीं की गई है। कहा कि वह जो भी कार्य कर रही है शहर और पालिका के हित में कर रही हैं लेकिन उन्हें कार्य करने नहीं दिया जा रहा है।



# भ्रमणः बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती पर दिया गया जोर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को नैनीताल विधान सभा के तहत बेतालघाट विकास खंड के ग्राम सभा छड़ा व खैरना का पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण किया।

इस दौरान डा.आर्य ने विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से विधान सभा के विभिन्न गांवों में चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया। कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से चलाये जा रहे जागरुकता कार्यक्रमों में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी जरुरी है। इस दौरान उन्होंने डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी विकास योजनाओं पर भी चर्चा की। इस मौके पर ममता बिष्ट,रेखा बिष्ट, दीपा बिष्ट, कलावती बिष्ट, शोभा बिष्ट,सीमा बिष्ट, पूरन बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट, विमला बिष्ट, जानकी व माया बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# स्नोव्यू क्षेत्र के नागरिकों का शिष्टमंडल मिला कमिश्नर से

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के स्नोव्यू (सात नंबर) के नागरिकों का शिष्टमंडल ने पालिका सभासद जितेंद्र पांडे के नेतृव में आयुक्त कुमाऊं तथा मुखय मंत्री के सचिव दीपक रावत से मुलाकात की।

इस दौरान शिष्टमंडल ने पोलिटेनिक चुंगी मार्ग में बोरा प्वाइंट के निकट हुए भूधसाव को ठीक करवाने तथा प्रस्ताव सरकार से अनुमोदित करवाने का अनुरोध किया । कहा कि विगत वर्ष उक्त सड? में भूधसाव से सड? मार्ग बाधित हो गया है जिससे स्कूली बच्चों तथा प्रतिदिन की सेवा में भरी दिक्कत हो रही हैं । आयुक्त दीपक रावत ने कहा की शीघ्र ही इस आशय का प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी ली जाएगी ।उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त मार्ग ठीक होने पर यह केवल आवश्यक सेवा के लिए खुलेगा तथा व्यासायिक कार्य के लिए मार्ग पूर्णतया बंद रहेगा तथा इसकी जिममेदारी स्थानीय लोगों की होगी । इस अवसर पर आयुक्त को विभिन्न परियोजनाओं में शामिल पौधों के फ्फलायर भी भेंट किए गए । शिष्टमंडल में सभासद मुकेश जोशी मंटू, डीएसए के महासचिव मनोज जोशी तथा पूर्व सभासद दीपक कुमार भोलू समेत नारायण सिंह कार्की, गिरीश भट्ट, एडवोकेट सुयाल ,नवीन भट्ट तथा कुमाऊं विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी आदि शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### डीएसबी परिसर में मिशन ग्रीन कार्यक्रम का आयोजन



**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान में बीरवार को मिशन ग्रीन कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत (असम केंद्रीय विश्वविद्यालय सिलचर) ने बुरांस तथा पद्म के पौधे लगाए । इस अवसर पर प्रो. पंत ने कहा कि पौधे लगाना प्रकृति के प्रति हमारी जिममेदारी का अहसास है । प्रकृति में पौधे लगाना जीवन का सबसे बड़ा काम है । कहा कि पौधरोपण प्रकृति के प्रति हमें प्रेरणा देने का काम करता है। इस अवसर पर प्रो. पंत को विभिन्न परियोजनाओं में समिमलित पौधों के फलायर भेंट किए गए। इस दौरान पूर्व डीन पंतनगर विश्वविद्यालय, डीन कला संकाय प्रो. रजनीश पांडे ,उप परीक्षा नियंत्रक डॉ नंदन बिष्ट ,प्रो. आर सी जोशी,प्रो. सुरेंद्र सिंह बरगली तथा विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. एस अधिकारी, डॉ दीपिका पंत,डॉ नवीन पांडे,वसुंधरा,शीतल कोरंगा, लता नितवाल तथा लीला ने पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त किया ।

### पौधरोपण कर धरा को हरा-भरा रखने का लिया संकल्प



**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बीरवार को 703वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 703वें दिन डीडीहाट बंदरलीमा खिरचना दुर्गा मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता दीप चंद्र जोशी व प्रदीप कन्याल, डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह, कप्तान मेहरा व रवि उपस्थित रहे।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### मस्जिद के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार

**नैनीताल ।** बीरवार की सुबह भवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा सामने आया है जिसमें अनियंत्रित होकर एक आल्टो कार खाई में जा गिरी गनीमत रही कि इस बीच दोनों युवक जान बच गई। जानकारी के अनुसार नगर के भवाली क्षेत्र मस्जिद के पास एयरफ ोर्स के कार्यरत दो युवक भवाली से वापस एयरफोर्स की तरफ जा रहे थे तभी अचानक उनकी कार ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए है। सूचना पर मौके पर पहुंचे भवाली कोतवाली प्रभारी प्रकाश मेहरा, एसआई आरिफ खान कॉन्स्टेबल व स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को खाई से बाहर निकलकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। बता दें कि घायल प्रिंस और अमनप्रीत सिंह एयरफोर्स में कार्यरत हैं।

### प्रतिबंधित टैक्सी वाहनों के खिलाफ अभियान, 51 का चालन तो 6 किए सीज

**नैनीताल ।** परिवहन विभाग ने उच्च न्यायालय की ओर से प्रतिबंधित टैक्सी वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 51 वाहनों का चालान किया गया और 6 वाहन सीज किए गए। बता दें बीरवार को परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार और अपराजिता पांडे के नेतृत्व में दो टीमों ने कार्रवाई की। इन टीमों ने हनुमानगढ़ी, तल्लीताल डांठ, मॉलरोड, राजभवन मार्ग और मल्लीताल क्षेत्रों में चेकिंग की। अभियान के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्रों में चल रही 25 बाइक का चालान हुआ। अन्य उल्लंघनों पर 15 वाहनों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। दूसरी टीम ने 11 दोपहिया वाहनों का चालान किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 79 यूके बटालियन एनसीसी के सीएटीसी कैंप में प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

घोड़ाखाल सैनिक स्कूल में आयोजित 79 यूके बटालियन एनसीसीए नैनीताल के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन की शुरुआत कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अविजित मेहता के नेतृत्व में योग सत्र के साथ हुई। योग के माध्यम से कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया।

इसके उपरांत कैडेट्स को राइफल से फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया तथा राइफल एवं अन्य हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ड्रिल प्रशिक्षण के माध्यम से अनुशासन एवं सैन्य कौशल को सुदृढ़ किया गया।एसडीआरएफ टीम नैनीताल द्वारा कैडेट्स को रैपलिंग एवं कलाइंबिंग के व्यावहारिक गुर सिखाए गए जिससे उनमें साहसए आत्मविश्वास एवं आपदा प्रबंधन संबंधी कौशल का विकास हुआ।



दिन के अंतिम सत्र में हवलदार दीपक रावत के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीक ड्रोन के उपयोगए संचालन एवं सर्विलांस संबंधी जानकारी दी गई तथा कैडेट्स को ड्रोन फलाइंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।इस अवसर पर कर्नल अविजीत मेहता, लेफ्टिनेंट कर्नल बी.एस.खड़ा सेना मेडल, सूबेदार मेजर चंचल सिंह, सूबेदार इंदर सिंह एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नैनीताल में हुआ स्ट्रीट वेंडर्स हेतु स्वनिधि महोत्सव का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद् नैनीताल के पालिका सभागार में बीरवार को स्ट्रीट वेंडर्स हेतु स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने की जबकि अधिसाशी अधिकारी रोहिताश शर्मा द्वारा सभी वेंडर्स व बैंक प्रबंधकों से आपसी समन्वय से योजनाओं का क्रियान्वयन करने का आह्वान किया। बैंक प्रबंधकों द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जन धन योजना की जानकारी उपस्थित वेंडर्स को प्रदान की।

मुख्य ट्रेनर चन्दन सिंह भंडारी द्वारा भारत सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स के लिए संचालित प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला वेंडर्स एवं विकलांग वेंडर्स को विशेष रूप से सममानित किया गया। वेंडर्स ने पी0एम0 स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त लोन से हुए लाभ की अभिव्यक्ति सफलता की कहानी के रूप में लिखित व्यक्त की जिसमें श्रीमती कंचन ने प्रथम, केशी राम द्वितीय व विजय कुमार ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वेंडर्स को भी सममानित किया गया।सी0एम0एम0 सीमा पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों व वेंडर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया।




कार्यक्रम में सूड़ा विभाग से सोनू तिवारी, सीमा कुंवर, अमृत योजना के डी0एम0एम0 उमेश जोशी सहित बैंकों से ललित सिंह, मोहित सिंह, नरेश शर्मा, भूपाल मेहरा, पंकज बिष्ट, हर्ष साह, बबलू जबकि स्ट्रीट वेंडर्स से केशी राम,विजय कुमार, जमीर अहमद, संजय कुमार, भावना बिष्ट, लक्ष्मी, पुष्पा व सुशीला सहित अन्य वेंडर्स कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# अभिमत

## अमानवीय व्यवहार

*भारत में पाकिस्तान की फंडिंग के तहत समुदाय विशेष के कुछ गुमराह लोग लव जेहाद के तहत धर्मांतरण तथा दुष्कर्म कर रहे हैं। आतंकवाद पाकिस्तान की पहचान है। ब्रिटिश संसद में सांसद ने पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग को लेकर खुलासा किया कि गिरोह ने कई नाबालिगों से दुष्कर्म और जानवरों जैसा व्यवहार किया। सांसद ने एक पीड़िता के बयान को पढ़कर सुनाया, जिसमें बताया गया है कि उसके साथ छह से सात सौ लोगों ने दुष्कर्म किया, उस समय वह महज 13 साल की थी।*

धर्मांधता के तहत जुल्म के मामले में पाकिस्तान का चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। पाकिस्तान में हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन, दुष्कर्म और दुर्व्यवहार की घटनाएं हो रही हैं। भारत में पाकिस्तान की फंडिंग के तहत समुदाय विशेष के कुछ गुमराह लोग लव जेहाद के तहत धर्मांतरण तथा दुष्कर्म कर रहे हैं। आतंकवाद पाकिस्तान की पहचान है। ब्रिटिश संसद में सांसद ने पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग को लेकर खुलासा किया कि गिरोह ने कई नाबालिगों से दुष्कर्म और जानवरों जैसा व्यवहार किया। सांसद ने एक पीड़िता के बयान को पढ़कर सुनाया, जिसमें बताया गया है कि उसके साथ छह से सात सौ लोगों ने दुष्कर्म किया, उस समय वह महज 13 साल की थी। सांसद ने बताया कि पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग द्वारा सालों तक पीड़ित मासूमों को असहनीय यातनाएं दी गईं और पुलिस प्रशासन मौन रहा। गिरोह के लोगों ने छोटे से बच्चे के चेहरे पर जलती हुई सिगरेट बुझा दी। पीड़िताओं ने यह भी खुलासा किया कि ईद जैसे धार्मिक त्योहारों के दौरान यह जुल्म और ज्यादा बढ़ जाते हैं, उस दौरान पार्टियां बड़ी होती हैं और बहुत ज्यादा लोग शामिल होते हैं। विशेष रूप से ब्रिटिश श्वेत लड़कियों को निशाना बनाया जाता है। अपवाद को छोड़कर भारत में समुदाय विशेष के बहुत से लोगों को लव जेहाद के तहत दूसरे धर्म वालों की युवतियों को पहचान छिपाकर शादी का झांसा दिया जाता है। दुष्कर्म किया जाता है। वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जाता है। धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किया जाता है। मजदूरी, हेयर कटिंग करने वाले, इलेक्ट्रिशियन आदि आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग भी लव जेहाद और धर्म परिवर्तन में लिप्त हैं। समुदाय विशेष के सम्पन्न लोग मदद करते हैं। इसी तरह उच्च शिक्षित युवाओं को आतंकी बनाने की साजिश रची गई है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद आतंकवाद पर काफी हद तक नियंत्रण किया गया है। खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों ने वारदात से पहले ही साजिश को नाकाम किया है। साजिश में पकड़े गये युवा तकनीकी संस्थानों से शिक्षित पाये गये हैं। समुदाय विशेष के उच्च शिक्षित युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्हें अपराध की दुनिया में धकेला जा रहा है। जिस तरह से ब्रिटेन में श्वेत युवतियों को निशाना बनाया जा रहा है, उसी तरह भारत में धर्मांतरण और दुष्कर्म के लिए सनातन युवतियों के लिए साजिश रची जाती है। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत ने हमेशा आतंकवाद और धर्मांतरण के लिए पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठाई है।

# किच्छा में भाजपा का प्रबुद्ध जन सम्मेलन

## पीएम मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग से संवाद




**किच्छा**
हमारे संवाददाता

भाजपा कार्यालय किच्छा में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग से विस्तृत संवाद किया।

बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, विश्वास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज देश विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि हाल ही में आई पहली तिमाही के आँकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि भारत विश्व का सबसे तेज़ ग्रोथ इंजन है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी के लिए भी आभार जताया।राज्य की उपलब्धियों पर बोलते हुए शुक्ला ने कहा कि उत्तराखंड ने निवेश और औद्योगिक विकास में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश समझौतों में से लगभग 1 लाख करोड़ के प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य में मेगा इंडस्ट्रियल पॉलिसी, स्टार्टअप नीति,एमएसएमई नीति और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी व्यवस्थाएँ लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि 'एक जनपदङ्कदो उत्पाद', 'स्टेट मिलेट मिशन', नई पर्यटन नीति', 'हाउस ऑफ हिमालयाज' जैसे प्रयासों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। यही कारण है कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में उत्तराखंड को देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। समान नागरिक संहिता,प्रभावी नकल विरोधी कानून,धर्मांतरण विरोधी कानून और लैंड जिहाद के विरुद्ध कड़े कदम उठाए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए 200 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है।शरद यादव,प्रमोद ठुकराल, हरविंद्र चुग,अमित श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में अनिल गोयल,राजेश अरोड़ा, किशन गोयल, दिव्यांश लूथरा,आशीष तिवारी,राज वर्मा, गोल्डी गोराया, मयंक तिवारी, राजेश तिवारी, हारून मलिक, मनमोहन सक्सेना,जितेंद्र गौतम,अमर सिंह, नन्हे खान, इश्तियाक खान, नन्हे खा,मुकेश कोली, प्रकाश पंत, देवेंद्र शर्मा, चंदन जायसवाल,कुलदीप बग्गा,भावना गुप्ता, सुनीता सिंह, सुनीता गंगवार, ज्योति जड़िया,विशाल गंगवार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

रुद्रपुर। जनपद ऊधमसिंहनगर में पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं पेशेवर कार्यशैली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसएसपी अजय गणपति ने शुक्रवार को पुलिस लाइन रुद्रपुर में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शारीरिक फिटनेस, टर्नआउट, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता, अनुशासन एवं जनविश्वास बनाए रखने के लिए प्रत्येक पुलिस कर्मी का अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करना आवश्यक है। एसएसपी ने अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों, माफियाओं एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाए। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

# युवक का ट्रांजिट कैंप पुलिस पर पूछताछ के नाम पर अमानवीय मारपीट का आरोप



**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस पर एक युवक को प्रतिष्ठान से उठाकर कोतवाली लाने और हिरासत में उसके साथ अमानवीय मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पीड़ित परिवार के साथ एसएसपी से मुलाकात की।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपा। पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि रम्पुरा वार्ड नंबर 22 निवासी लक्ष्मी देवी के पुत्र आकाश रुद्रपुर स्थित एक ऑटोमोबाइल कंपनी में कार वॉशिंग का कार्य करता है। आरोप है कि 14 जून को अभिषेक पुत्र मुन्ना सिंह निवासी आनंदपुर, किच्छा अपनी कार धुलवाने के लिए आकाश के पास आया था और शाम को कार लेकर चला गया। कुछ समय बाद ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस आकाश को उसकी दुकान से पूछताछ के नाम पर अपने साथ ले गई। शिकायत के अनुसार जब परिजन कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामला दर्ज होने संबंधी जानकारी मांगी तो उन्हें बताया गया कि अभी कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। केवल पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने परिजनों से कहा कि पूछताछ के बाद युवक को छोड़ दिया जाएगा। आरोप है कि 15 जून की शाम पुलिस ने आकाश को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया, लेकिन अगले दिन 16 जून की सुबह उसे फिर से थाने बुला लिया गया और बिना किसी लिखित कार्रवाई के 17 जून की रात करीब 10.20 बजे दोबारा परिजनों के हवाले किया। परिजनों का आरोप है कि जब आकाश घर लौटा तो उसकी हालत बेहद गंभीर थी। आरोप है कि वहां आकाश ने बताया कि ट्रांजिट कैंप थाना और आवास विकास चौकी के पुलिस कर्मियों ने पूरी रात उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए मारपीट की। आरोप है कि उसे बार बार पानी डालकर होश में लाया जाता और फिर पीटा जाता था। पूर्व विधायक ने एसएसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह बेहद गंभीर मामला है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। एसएसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लक्ष्मी देवी, ललित बिष्ट, केरू मंडल सहित परिवार सदस्य भी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## वसंतसेना के किरदार में अप्सरा सी खूबसूरत लगीं मोनालिसा







*भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ दिलकश फोटोज शेयर की हैं। यह तस्वीरें उनके एक किरदार की हैं, जिसे वे नए शो में निभा रही हैं।*

*मोनालिसा अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर खूब सुर्खियां बटोरती हैं। एक बार फिर वे अपने लुक को लेकर छा गई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं, जिनमें वे किसी अप्सरा सी खूबसूरत लग रही हैं। मोनालिसा की ये फोटोज उनके नए किरदार की हैं, जिसे वे एक शो में निभाती दिखेंगी। फिलहाल, वे शो की शूटिंग कर रही हैं। मोनालिसा इस शो में वसंतसेना का किरदार निभाती नजर आएंगी। साझा की गई तस्वीरों में वे बला की खूबसूरत लग रही हैं, मानो स्वर्ग से कोई अप्सरा उतर आई हो। मोनालिसा ने तस्वीरों के साथ लिखा है, सुंदर सुंदर। वसंतसेना%। बता दें कि अभिनेत्री गुजरात के उमरगाम में फिलहाल इस शो की शूटिंग कर रही हैं। वसंतसेना प्राचीन भारतीय संस्कृत साहित्य के नाटक मृच्छकटिक की मुख्य नायिका है, वह उज्जयिनी की एक बेहद धनी, खूबसूरत और कला प्रेमी नगरवधू थीं। मोनालिसा का यह अंदाज देख फैंस क्रेजी हो रहे हैं और तारीफों की झड़ी लगा दी है*

# 21 से यूडीएस प्रो टी 20 प्रतियोगिता शुरू

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

ऊधमसिंह नगर में पहली बार आयोजित होने जा रही प्रो टी-20 क्रिकेट लीग का शुभारंभ 21 जून से होगा। प्रतियोगिता का समापन 27 जून को किया जाएगा। गुरुवार को काशीपुर रोड एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता जिला क्रिकेट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि यह उत्तराखंड की अपनी तरह की पहली प्रोफेशनल टी-20 लीग है, जिसका उद्देश्य जिले और प्रदेश के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को बड़ा मंच प्रदान करना है।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पांच टीमें हिस्सा लेंगी, जिनका गठन जिले के विभिन्न क्षेत्रों के आधार पर किया गया है। काशीपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, खटीमा और जसपुर की टीमें इस लीग में मैदान पर उतरेंगी। उन्होंने बताया कि खास बात यह है कि प्रतियोगिता में लगभग 15 ऐसे खिलाड़ी भी शामिल होंगे, जो रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में खेल चुके हैं। प्रत्येक टीम में तीन-तीन अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को सीखने और बेहतर प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को पांच लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने इस लीग की तुलना आईपीएल से करते हुए कहा कि भविष्य में जिले के सभी ब्लॉकों की टीमें इसमें शामिल की जाएंगी और प्रतियोगिता का दायरा और बड़ा होगा।उत्तराखंड खेलों के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है और यह लीग युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उम्मीद है कि इस मंच से निकलकर जिले के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे तथा उधम सिंह नगर और उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे। यहां पर एसोसिएशन के गौरव तिवारी, आफताब आलम समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।



# खुशी:बनभूलपुरा निवासी आमिर आलम अंसारी ने हासिल किया कमर्शियल पायलट लाइसेंस

**हल्द्वानी/नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहर के प्रतिष्ठित सामाजिक, राजनीतिक एवं बीमा व्यवसायिक व्यक्तित्व और पूर्व उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंखयक मोर्चा भारतीय जनता पार्टी) जहीर आलम अंसारी के सुपुत्र आमिर आलम अंसारी द्वारा कमर्शियल पायलट लाइसेंस प्राप्त करने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल है।





आमिर आलम की इस ऐतिहासिक कामयाबी पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। बता दें हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र के निवासी आमिर आलम अंसारी ने अपनी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा काठगोदाम स्थित प्रतिष्ठित सेंट टेरेसा स्कूल से पूरी की है जहां से उन्होंने पीसीएम विषयों के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके उपरांत आसमान छूने के अपने सपने को उड़ान देने के लिए उन्होंने मध्य प्रदेश की नामचीन श्वाइनस एविएशन एकेडेमी से अपनी कमर्शियल पायलट की कठिन और पेशेवर ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी की। ट्रेनिंग के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा उन्हें आधिकारिक तौर पर कमर्शियल पायलट लाइसेंस जारी किया गया है। दूसरी ओर कमर्शियल पायलट का गौरवपूर्ण लाइसेंस प्राप्त कर जब आमिर अंसारी पहली बार पायलट की गरिमापूर्ण वर्दी और कंधों पर एविएशन स्ट्राइप्स पहनकर अपने गृह नगर हल्द्वानी के बनभूलपुरा स्थित निवास स्थान पहुंचे तो परिवार और क्षेत्रवासियों की खुशी का ठिकाना न रहा। घर पहुंचने पर परिवार के सदस्यों और प्रियजनों ने अत्यंत भावुक और गर्वित होकर फूलों- मालाओं और गुलदस्तों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस गौरवमयी क्षण में मां और परिवार की महिलाओं ने अत्यंत स्नेह के साथ मिठाई खिलाकर व दुआएं देकर आमिर का मुंह मीठा कराया वहीं पिता जहीर अंसारी ने बेटे की इस ऐतिहासिक कामयाबी पर उन्हें गले लगाकर बुके भेंट किया और आशीर्वाद दिया। घर का पूरा माहौल उत्सव और अपार खुशियों के रंगों में सराबोर नजर आया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रियजनों ने आमिर आलम अंसारी को इस ऐतिहासिक कामयाबी पर बधाई देते हुए कहा कि किसी भी पिता के लिए अपने बेटे की सफलता से बढ़कर कोई बड़ी खुशी नहीं होती। उन्होंने कहा कि आमिर आलम ने अपनी कड़ी मेहनतए लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है जो उत्तराखंड के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने जहीर अंसारी और उनके पूरे परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आमिर भविष्य में विमानन ;एविएशनद्ध क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएं और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। इस बीच अपने पुत्र की इस शानदार कामयाबी पर पिता जहीर अंसारी ने सभी शुभचिंतकों, मित्रों और समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके बेटे की सफलता सभी की दुआओंए परिवार के अटूट सहयोग और अल्लाह की रहमत का परिणाम है। गौरतलब है कि जहीर अंसारी सामाजिक सेवाए राजनीति और बीमा व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वहीं उनके पुत्र आमिर आलम अंसारी ने पायलट लाइसेंस प्राप्त कर न केवल अपने परिवार और बनभूलपुरा क्षेत्र का सिर फक्र से ऊंचा किया हैए बल्कि हल्द्वानी और पूरे उत्तराखंड का भी गौरव बढ़ाया है। हल्द्वानी के बेटे आमिर अंसारी की यह अभूतपूर्व कामयाबी आने वाली पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## News कॉर्नर

### 20 दिन के बाद भी नहीं मिले बुर्जुग,परिजन परेशान

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती एवं भीमताल बलाक की ग्राम सभा बेलुवाखान से बीती 28 मई को लापता अधेड़ का कोई पता नहीं लग पाया है। परेशान परिजन निजी स्तर पर खोजबीन में जुटे हैं। उन्होंने तल्लीताल थाना पुलिस को सूचना देकर तलाश की मांग की है।
बता दें लापता नंद राम आर्या (63) की पत्नी रमा देवी का कहना है कि 28 मई को उनके पति बेलुवाखान वार्ड चार स्थित निजी आवास से मजदूरी करने के लिए आम पड़ाव के लिए निकले लेकिन घर नहीं लौटे। उनका कहना है कि पूर्व में भी वह बिना बताए घर से अन्यत्र चले गएए लेकिन फिर लौट आए। इस बार उन्हें लापता हुए लगभग 20 दिन हो चुके हैं। रिश्तेदारोंए संबंधियों आदि के वहां पता करने के बावजूद उनका कुछ पता नहीं लग पा रहा है। बेलुवाखान की ग्राम प्रधान डॉ. बबीता मनराल ने भी पुलिस से लापता की खोज की मांग की है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई 20.45 ग्राम स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत बनभूलपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक नशा तस्कर को हजारों की स्मैक और मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया है। प्रभारी थाना बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

बीती देर रात शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान यात्री शेड, हिमालय स्कूल के सामने, गौला बाईपास रोड क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से



20.45 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। साथ ही मोटरसाइकिल संख्या यूके04 क्यू 4123 भी कब्जे में ली गई।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नासिर पुत्र हमीद, निवासी रहमान मेडिकल वाली गली, नूरी मस्जिद, के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी स्मैक की सप्लाई कहां से लाता था और इसका नेटवर्क किन-किन क्षेत्रों तक फैला हुआ है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**सफलता पाने वाली टीम में शामिल:** उपनिरीक्षक जगवीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, सुनील कुमार, सुच्चा सिंह सहित आदि शामिल थे।

# अभियुक्ता नीलम चौधरी के खिलाफ अदालत ने किया सख्त रुख अपनाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**अदालत से**

- भीमताल थाना क्षेत्र के चर्चित अवतार सिंह हत्याकांड का मामला

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश नैनीताल कुलदीप शर्मा की अदालत से भीमताल थाना क्षेत्र के चर्चित अवतार सिंह हत्याकांड में फरार चल रही अभियुक्ता नीलम चौधरी उर्फ निर्मला चौधरी के खिलाफ अदालत ने सख्त रुख अखतयार किया है। अभियुक्ता के खिलाफ गैर जमानती वारंट के साथ धारा 83 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कुर्की आदेश जारी कर दिए हैं। अब सुनवाई 14 जुलाई को तय की गई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता (फ ौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी को पत्र भेजकर फरार अभियुक्ता नीलम और सह.अभियुक्त मनीष मिश्रा की शीघ्र गिरफतारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। कहा है कि मुकदमे में 20 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैंए लेकिन जमानत मिलने के बाद दोनों अभियुक्त फरार हो गए। घटनाक्रम के अनुसार वर्ष 2019 में भीमताल - हल्द्वानी मार्ग में सलड़ी के पास अवतार सिंह की हत्या कथित रूप से उसकी पत्नी नीलम चौधरी ने सह.अभियुक्त अजय यादव और मनीष मिश्रा के साथ मिलकर की थी। आरोप है कि हत्या के बाद वाहन में पेट्रोल छिड़कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था। अदालत ने मामले में नीलम की जमानत लेने वाली होमगार्ड कर्मी कमला जोशी की ओर से जमा की गई 50 हजार रुपये की धनराशि पर भी सवाल उठाए हैं। अदालत ने कहा कि जिला कमांडेंट होमगार्ड की ओर से मामले की गहन जांच नहीं की गई और सरसरी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके बाद कमांडेंट जनरल होमगार्ड देहरादून को एक माह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने थाना भीमताल के प्रभारी अधिकारी से भी जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि उसके पूर्व आदेशों के अनुपालन में लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। इधर एसएसपी ने दोनों फरार अभियुक्तों की गिरफतारी के लिए पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं।

# तहसील श्री कैंची धाम में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के आदेशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा बीरवार को तहसील श्री कैंची धाम नैनीताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में समस्त ग्रामसभाओं के ग्रामवासियों को स्थायी लोक अदालत के संबन्ध में जानकारी मुहैया कराई गई जिसमें वैधानिक वैकल्पिक विवाद समाधान जिसे मुखय रूप से सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों के त्वरित और आपसी सुलह.समझौते के निपटारे के लिए स्थापित किया गया है। इसका गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत किया गया है। जिसका अधिकार क्षेत्र केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई करती हैं। स्थायी लोक अदालतें 1 करोड़ रुपये तक के विवादों का निपटारा कर सकती हैं। कहा कि स्थायी लोक अदालत द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होता है। इसके फैसले के खिलाफ किसी भी नियमित अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप की भी जानकारी दी गई साथ ही नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के मापदंड भी आम जनता के साथ साझा किये गए।



### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने बृहस्पतिवार को परिवार के साथ जागेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर समूह में विधि-विधान से पूजा कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। जागेश्वर धाम पहुंचने पर मंदिर समिति, प्रशासनिक अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और छोलिया दलों ने कुमाऊंनी वाद्य यंत्रों के साथ राज्यपाल का स्वागत किया।

# 18 वकील सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल के रूप में नियुक्त

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग (न्यायिक अनुभाग) ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल में केंद्र सरकार की ओर से मुकदमों की पैरवी के लिए 18 अधिवक्ताओं को सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल के रूप में नियुक्त किया है। इस संबंध में 18 जून 2026 को आदेश जारी किया गया।

जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और तीन वर्ष अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो प्रभावी रहेगी। यह नियुक्ति वर्ष 2019 एवं 2022 के पूर्व आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए की गई है हालांकि कराधान से जुड़े मामलों की पैरवी इस पैनल के दायरे में शामिल नहीं होगी। आदेश के तहत जिन अधिवक्ताओं को केंद्र सरकार का अधिवक्ता नियुक्त किया गया है उनमें अतुल बहुगुणा/ अतुल भट्ट/ दिनेश चंद्र सिंह रावत/ मनोज कुमार/ मोनिका पंत/ नरेंद्र बाली/ पंकज चतुर्वेदी/ राजेश कुमार शर्मा/ वीके कपरवान/ सौरव अधिकारी/ सुनीति भट्ट/ पीयूष तिवारी/ नीति राणा/ राजेश कुमार जोशी/ आर्यन देव उनियाल/ अनन्या थपलियाल/ खुशबू तिवारी तथा राजेश पांडेय शामिल हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इन अधिवक्ताओं की नियुक्ति/ मानदेय और सेवा शर्तें विभाग द्वारा समय.समय पर जारी कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार संचालित होंगी।

# विकासखण्ड हल्द्वानी में बहुउद्देशीय शिविर एवं विकास प्रदर्शनी का सफल आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के क्रम में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा राज्य सरकार के 4 साल बेमिसाल उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार हेतु विकासखण्ड हल्द्वानी में बहुउद्देशीय शिविर एवं विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद, लोकसभा क्षेत्र नैनीताल-ऊधमसिंहनगर, अजय भट्ट द्वारा की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनसामान्य को प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 25 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर की 5 प्रतियां ऑनलाइन जारी की गईं। ग्राम विकास विभाग द्वारा 18 बीपीएल एवं एसईसीसी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। आधार कार्ड से संबंधित 23 अपडेशन कार्य संपन्न किए गए। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से विभिन्न विभागों के 13 आवेदन-पत्र ऑनलाइन अपलोड किए गए। शिविर में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 22 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।बाल विकास विभाग द्वारा 2 लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित की गईं, जबकि सहकारिता विभाग द्वारा बिना ब्याज के ऋण योजना के अंतर्गत 6 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए गए। अपने संबोधन में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी हल्द्वानी मोनिका, तहसीलदार हल्द्वानी कुलदीप, खंड विकास अधिकारी तनवीर असगर, दर्जा राज्य मंत्री मोहन पाठक, भावना मेहरा, दीपक मेहरा, सुरेश भट्ट, ब्लॉक प्रमुख विकासखण्ड हल्द्वानी मंजू गौड़, विधायक प्रतिनिधि कालाढूंगी क्षेत्र अक्षय, मंडल महामंत्री नवीन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मनीष भट्ट, ग्राम प्रधानगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन अवसर पर माननीय विधायक कालाढूंगी क्षेत्र बंशीधर भगत द्वारा उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति एवं नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।